हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 8 अक्टूबर 2025

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]


तापमान

अधिकतम 30.2 डिग्री

न्यूनतम 20.2 डिग्री


25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा का रंगारंग आगाज

4




## खबर संक्षेप



### सौतेले पुत्र ने कर दी पिता की हत्या

**कुसमी।** अपने सौतेले पिता की बेदम पिटाई कर हत्या करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई कि है। सामरीपाठ पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि सामरी पाठ अंतर्गत ग्राम बेतपानी निवासी 52 वर्षीया सोमारी नगेसिया पति स्व. प्रभु नगेसिया का पुत्र सुखदेव नगेसिया 1 अक्टूबर को घर आया हुआ था इस दौरान 2 अक्टूबर को महिला के सौतेले पुत्र जयकरण नगेसिया ने शराब के नशे में पिटा प्रभु नगेसिया से विवाद शुरू कर दिया। आरोपी युवक का कहना था कि उसके दो बच्चे पैदा हुए और दोनों की मौत हो गई लेकिन तुम लोग कोई पूजा पाठ नहीं करा रहे हो। आरोपी जयकरण ने अपने पिता को जमीन पर पटककर हाथ मुक्का, पैर से छाती, गर्दन में मारा और रौंद दिया। इसके साथ ही उसने बीच बचाव करने गए भाई कोरंधा निवासी सुखदेव नगेसिया, आसनपानी निवासी संजय उर्फ संजू नगेसिया से भी मारपीट की।

### पत्नी को भगाने के संदेह में की मेहमान की हत्या



**धौरपुर।** मेहमान बनकर अपने दोस्त के घर पत्नी के साथ पहुंचे युवक की मेजबान ने बीती रात टांगी से सिर पर हमला कर हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जशपुर जिला अंतर्गत ग्राम अम्बापकरी निवासी रतनू कोरवा आ.विपता कोरवा (28 वर्ष) रविवार को अपनी पत्नी के साथ मेहमानी करने अपने दोस्त ग्राम पंचायत सपड़ा अंतर्गत ग्राम जटा सेमर निवासी मोहर साय आ.माझी (26वर्ष) के घर पहुंचा था। रतनू के पहुंचने पर मोहर साय ने उसकी जमकर खातिरदारी की। रात में दोनों साथ बैठकर शराब पी रहे थे। इस दौरान किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। विवाद में मोहरसाय ने टांगी से रतनू के सिर पर हमला कर उसे लहू लुहान कर दिया। इस दौरान सिर में गंभीर चोट लगने के कारण कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई। सुबह पड़ोसियों को सूचना मिली तो पुलिस को सूचना दी तथा आरोपी को पकड़कर अपने कब्जा में रखा।

### जेल प्रहरियों को चकमा देकर फरार हुआ कैदी

**अम्बिकापुर।** यूरिन की परेशानी को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल



के जेल वार्ड में उपचार कराने दाखिल हुए हत्या के आरोपी ने शौचालय जाने के बहाने जेल प्रहरियों को चकमा देकर फरार हो गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बिलासपुर मस्तुरी अंतर्गत ग्राम मल्हार निवासी मुकेश कांत आ. हरिप्रसाद बिलासपुर जेल में हत्या के मामले में बंद था। ढाई साल पूर्व जेल में उसके पास मोबाइल मिलने पर उसे केन्द्रीय जेल में शिफ्ट किया गया था। 4 अक्टूबर को यूरिन में परेशानी होने से उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जेल वार्ड में भर्ती किया गया था। आज सुबह कैदी मुकेश कांत शौचालय जाने की बात कही जिस पर जेल पहरी वार्ड से लगे शौचालय ले गए। इसी बीच वार्ड का दरवाजा खटखटाने की आवाज सुन कर जेल पहरी जैसे ही दरवाजा खोलने गया तभी मौका पाते ही कैदी जेल प्रहरियों को चकमा देकर सामान्य वार्ड की ओर से निकल भागा। घटना की जानकारी जब लगी जब जेल पहरी शौचालय गए तो देखा कैदी नदारद था।

## जल प्रदाय योजना को मिली मंजूरी हर घर तक पहुंचेगा स्वच्छ पेयजल

# जशपुर को मिला 86.99 करोड़ का अमृत वरदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

लंबे समय से पानी की समस्या से जूझ रहे जशपुर नगरवासियों के लिए खुशखबरी आइ है। भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय, नइ दिल्ली द्वारा संचालित मिशन अमृत 2.0 (अटल शहरी नवीकरण एवं परिवर्तन मिशन) के अंतर्गत जशपुरनगर की जल प्रदाय योजना को 8लगभग 86 करोड़ 99 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिल गइ है। यह स्वीकृति राज्य स्तरीय हाइ पावर स्टेयरिंग कमेटी की 13वीं बैठक में दी गइ। इस निर्णय से अब जशपुर में हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुँचाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

### मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री की पहल से मिली मंजूरी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश और उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अजय चंद्राकर की पहल पर यह योजना स्वीकृत हुइ है।नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत और मुख्य नगर पालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय ने हाल ही में मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से भेंट कर इस योजना की स्वीकृति का अनुरोध किया था।मुख्यमंत्री ने तत्काल अमृत मिशन लागू करने के निर्देश दिए, जिसके बाद यह बड़ी मंजूरी मिली।

### अब नहीं तरसेगा शहर पानी की एक बूंद को



जशपुर शहर में वर्षों से जल संकट बना हुआ था। कइ क्षेत्रों में एक दिन छोड़कर पानी की आपूर्ति की जा रही थी। अमृत मिशन के तहत अब नए फिल्टर प्लांट, इनटेक वेल और नए पाइपलाइन नेटवर्क का निर्माण किया जाएगा। योजना पूरी होने के बाद हर मोहल्ले और घर तक पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध होगा।

### जनता ने जताया आभार

अमृत मिशन के तहत मिली इस बड़ी स्वीकृति से जशपुर में खुशी का माहौल है। शहरवासियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अजय चंद्राकर और राज्य सरकार के प्रति आभार जताया है। जनता का कहना है कि यह परियोजना जशपुर की सबसे बड़ी जरूरत पानी को पूरा करेगी और शहर को "हर घर जल"के लक्ष्य की ओर ले जाएगी।

### जल आपूर्ति व्यवस्था होगी मजबूत

सीएमओ योगेश्वर उपाध्याय ने कहा कि अमृत मिशन के अंतर्गत स्वीकृत यह योजना जशपुर के लिए ऐतिहासिक साबित होगी। नगर में नइ पाइपलाइन, फिल्टर प्लांट और इनटेक वेल के निर्माण से जल आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह मजबूत होगी। हमारा प्रयास रहेगा कि कार्य निर्धारित समयसीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए ताकि हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंच सके।

### नगर पालिका परिषद होगी एजेंसी


परियोजना के सभी निर्माण कार्य नगर पालिका परिषद, जशपुरनगर द्वारा किए जाएंगे। योजना की प्रगति रिपोर्ट प्रतिमाह राज्य स्तरीय नोडल एजेंसी को भेजी जाएगी।कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए थर्ड पार्टी इंडिपेंडेंट रिव्यू एंड मॉनिटरिंग एजेंसी द्वारा नियमित निरीक्षण किया जाएगा। राज्य शासन ने निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और निर्धारित समयसीमा का पालन अनिवार्य किया है। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया है कि सभी कार्य नगर पालिका स्वामित्व की भूमि पर ही हों और अनुमोदित ड्राइंग व डिजाइन के अनुसार किए जाएं। योजना के अंतर्गत 5 वर्षों तक संचालन एवं संधारण की जिम्मेदारी भी निकाय की होगी।

## ऑपरेशन आघात में जशपुर पुलिस की बड़ी कामयाबी

# पत्थलगांव में स्कूटी से पकड़े गए दो युवक 720 नग प्रतिबंधित नशीली दवा जब्त



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।



जब्त नशीली दवा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

जिले में नशे के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्रवाई ऑपरेशन आघात के तहत लगातार जारी है। सोमवार की रात पत्थलगांव पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो युवकों को प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल स्पास्मो-प्रॉक्सीवॉन प्लस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 30 पत्ता में कुल 720 नग कैप्सूल और एक स्कूटी बरामद की है।



जानकारी के अनुसार थाना पत्थलगांव पुलिस को सोमवार को मुखबिर से पुख्ता जानकारी मिली थी कि बिलाइ टांगर टोली निवासी राशिद अली उम्र 22 वर्ष और प्रेमनगर निवासी लक्की अंसारी उम्र 21 वर्ष सफेद रंग की एक्टिवा स्कूटी क्रमांक सीजी 13- एएस- 4048 में बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली दवा लेकर घूम रहे हैं। दोनों युवक तिलडेगा चौक के पास ग्राहकों की तलाश कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह को अवगत कराया। उनके दिशा-निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक विनीत कुमार पांडे के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई।

### तिलडेगा चौक पर घेराबंदी

मुखबिर द्वारा बताए स्थान पर पहुंची पुलिस टीम ने देखा कि सफेद रंग की एक्टिवा स्कूटी के पास दो युवक संदिग्ध अवस्था में खड़े हैं। पुलिस को देखते ही दोनों भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन तत्परता से की गइ घेराबंदी में पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने स्कूटी की डिक्की में रखी एक प्लास्टिक की थैली जब खोली तो उसमें 30 पत्ता में 720 नग प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल स्पास्मो-प्रॉक्सीवॉन प्लस बरामद हुए। पुलिस ने जब कैप्सूल रखने और बिक्री के वैध दस्तावेज मांगे, तो आरोपी कोइ दस्तावेज पेश नहीं कर सके।

### नशे के कारोबार को जड़ से खत्म करना लक्ष्य

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि ऑपरेशन आघात के तहत जशपुर पुलिस नशे के कारोबार पर लगातार कार्रवाइ कर रही है। पत्थलगांव क्षेत्र में प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। जिले में नशे के अवैध कारोबार में लिप्त किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। ऑपरेशन आघात लगातार जारी रहेगा।

### औषधि निरीक्षक से कराया परीक्षण

जब्त कैप्सूल का औषधि निरीक्षक से परीक्षण कराया गया, जिसमें यह दवा प्रतिबंधित और नशीली श्रेणी की पाइ गइ। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर कैप्सूल और स्कूटी को विधिवत जब्त किया। जब्त माल की बाजार कीमत लगभग 10 हजार रुपए बताइ गइ है।

### एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज

आरोपियों के खिलाफ थाना पत्थलगांव में धारा 22(ग), 27(ए) व 8 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपियों ने प्रतिबंधित दवा बिक्री करने की बात स्वीकार की है।

### इनका रहा योगदान

इस कार्रवाइ में थाना प्रभारी निरीक्षक विनीत कुमार पांडे, उप निरीक्षक कृपा दान लकड़ा, आरक्षक राजेंद्र रात्रे, आलोक मिंज और वीरेंद्र यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस टीम की सतर्कता और त्वरित कार्रवाइ से पत्थलगांव क्षेत्र में प्रतिबंधित नशीली दवाओं की एक बड़ी खेप बिक्री से पहले ही पकड़ी गई।

## नुक्कड़ नाटक कर दे रहे हैं संदेश

# सड़क सुरक्षा का संदेश देने बस्तर से जशपुर पहुंचे बाइकर्स



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सड़क सुरक्षा का संदेश लेकर बस्तर से निकले युवा बाइकर्स की सदभावना रैली मंगलवार को जशपुर पहुंची। यहां आराम निवास में विक्रमादित्य सिंह जूदेव इन बाइकर्स का स्वागत किया और उनके प्रयास की सराहना की। सालेम स्कूल रायपुर की प्राचार्य रूहीका लारेंस ने बताया कि सदभावना रैली का शुभारंभ बस्तर से हुआ था।



इस रैली में डेढ़ सौ बाइकर्स जुड़े हुए हैं। उन्होनें बताया कि रैली का उद्देश्य समाज में सड़क सुरक्षा, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना है। बस्तर संभाग में जागरूकता अभियान चलाने के बाद अब यह रैली सरगुजा संभाग पहुंची है। प्राचार्य लारेंस ने बताया कि अभियान के दौरान रैली में शामिल कार्यकर्ता नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओं और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषय पर लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होनें बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने बेटियों की सुरक्षा और विकास के लिए बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओं अभियान की शुरूआत की है। इस अभियान में योगदान देने के लिए स्वयंसेवक अपने सभा व नुक्कड़ नाटक में समाज में बेटियों के महत्व को रेखांकित करते हैं। डायसीस आफ छत्तीसगढ़ के डिकमेंस केजू ने बताया कि सदभावना रैली का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ में सद्भावना और शांति का संदेश देना है। केजू ने बताया कि रैली में शामिल लोग अपनी नुक्कड़ सभा में धर्म और जाति से उपर उठकर इंसानियत को महत्व देने की अपील करते है। उन्होनें बताया जशपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में सड़क दुर्घटना में हो रही जनहानि गंभीर समस्या बनी हुइ है। इसे देखते हुए रैली और सभाओं के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों का कड़ाइ से पालन करने और वाहन चलाने के दौरान सीट बेल्ट व हेलमेट का प्रयोग करने की अपील कर रहे हैं। सड़क दुर्घटना में घायल हुए पीड़ितों को समय पर अस्पताल पहुंचा कर उनकी जान बचाइ जा सकती है। लेकिन लोग इसके लिए आगे आने से हिचकते हैं। सद्भावना रैली में लोगों से घायलों की सहायता की अपील भी की जा रही है। उन्होनें बताया कि जशपुर से सदभावना रैली अंबिकापुर पहुंचेगी।

### आराम निवास में हुआ स्वागत

सदभावना रैली का आराम निवास पैलेस में विक्रमादित्य सिंह जूदेव ने स्वागत किया। उन्होनें रैली में शामिल बाइकर्स के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयासों से ही सामाजिक बदलाव आती है। सड़क दुर्घटना को गंभीर समस्या बताते हुए उन्होनें कहा कि जागरूकता से ही इससे होने वाली जनहानि को कम किया जा सकता है। वहीं बाइकर्स ने आराम निवास में हुए स्वागत के लिए आभार जताते हुए विक्रमादित्य सिंह जूदेव को राज्यसभा की सदस्यता के लिए किये जा रहे प्रयास के लिए शुभकामनाएं दी।

# स्टेट लेवल ओपन चेस टूर्नामेंट में प्रवेश के लिए पंजीयन आज तक

## अभी तक 155 खिलाड़ियों का हो चुका है पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में जशपुर में छत्तीसगढ़ स्टेट लेवल ओपन चेस टूर्नामेंट का आयोजन 11 से 13 अक्टूबर तक कराया जाना है।

आयोजन समिति के अध्यक्ष एसडीएम विश्वासराव मस्के से प्राप्त जानकारी के अनुसार खिलाड़ियों के पंजीयन के लिए 6 अक्टूबर अंतिम तिथि थी। अब खिलाड़ी 8 अक्टूबर की रात 12:00 बजे तक 250 रु. विलंब शुल्क के साथ पंजीयन करा सकते हैं । यह विलंब शुल्क प्रवेश शुल्क के साथ खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग जशपुर के खाते में जमा करना अनिवार्य होगा। अभी तक 155 खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए पंजीयन किया है, जिसमें जशपुर जिले के 99 और अन्य जिलों के 56 खिलाड़ी शामिल हैं। गौरतलब है कि जिला प्रशासन के द्वारा सर्वप्रथम पंजीयन करने वाले 50 पुरुष और 30 महिला खिलाड़ियों को डॉरमेट्री आधारित निःशुल्क आवास उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही खिलाड़ियों को रियायती दरों पर लॉज , होटल तथा टूर्नामेंट स्थल पर भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।

- आयोजन समिति के अध्यक्ष एसडीएम विश्वासराव मस्के ने दी जानकारी



### जिले के निवासी ले सकते हैं प्रवेश

छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिले के निवासी इस टूर्नामेंट में प्रवेश ले सकते हैं। जशपुर जिले के स्थायी निवासियों के लिए प्रवेश शुल्क 100 और अन्य जिलों के निवासियों के लिए 500 रुपए के साथ ही अतिरिक्त विलंब शुल्क 250 रुपए देना होगा। टूर्नामेंट में शामिल होने के लिए अलग से छत्तीसगढ़ स्टेट चेस एसोसिएशन में वर्ष 2025-26 के लिए लागू शुल्क जमा कर सदस्यता लेनी होगी। जशपुर जिले के निवासियों के लिए 75 रुपए और अन्य जिले के निवासियों के लिए यह पंजीयन शुल्क 150 है। जिन खिलाड़ियों ने पहले से सदस्यता ली हुइ है उन्हें दुबारा पंजीयन करने की आवश्यकता नहीं होगी।

# मयाली नेचर कैम्प में ऑनलाइन बुकिंग प्रारंभ

**जशपुरनगर।** जिले के कुनकुरी परिक्षेत्र अन्तर्गत स्थित मयाली नेचर कैम्प सभी ऋतुओं में एक मनोहारी दृश्य के रूप में प्रतीत होता है। यह क्षेत्र साल के लहलहाते वनों से आच्छादित है जिससे छोटी बड़ी नालायें वृहद संख्या में निकलती है जो कि नीचे जाकर मैदानी इलाकों को जीवन्त बनाती है।



यह क्षेत्र जशपुर जिले को प्रकृति का अनुपम उपहार है। मयाली नेचर कैम्प देवबोरा तथा मयाली ग्राम के बीच में स्थित है। यह स्थान पारिवारिक सदस्यों तथा मित्रों के साथ, जो साहसिक कार्य पसंद करते हैं उनके लिये लंबी दूरी की पैदल यात्रा के लिये भी उपयुक्त स्थल है। वर्तमान में मयाली नेचर कैम्प में ऑनलाइन गेटमनी सुविधा प्रारंभ की गइ है। आम जनमानस से अपील किया जाता है कि अधिक से अधिक संख्या में ऑन लाइन सुविधा का लाभ उठाएं।

## फूल बरसा कर नगरवासियों ने किया स्वागत, पूर्व सैनिक बने मुख्य अतिथि

# दोकड़ा में संघ के स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ मंडल दोकड़ा द्वारा सोमवार को पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के 10 ग्रामों के 130 स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगल भवन से हुआ और पूरा संचलन जगन्नाथ मंदिर होकर मुख्य चौक चौराहे होकर गुजरा।

पथ संचलन कर रहे राष्ट्रीय स्वयं सेवकों पर फूल बरसा कर स्वागत किया गया।संचलन में मुख्य अतिथि के रूप में नैनसुख राम भगत, पूर्व सैनिक उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि देश सेवा का सर्वोच्च माध्यम संघ कार्य है, जो व्यक्ति राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव से कार्य करता है वही सच्चा सेवक कहलाता है।



### सामाजिक समरसता, स्वदेशी अभियान एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश

कार्यक्रम के अंत में सामाजिक समरसता, स्वदेशी अभियान, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्यों पर विशेष चर्चा की गइ।इस अवसर पर नगर के अनेक स्वयंसेवक, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



### संघ के कार्यों के माध्यम से समाज में संगठन, अनुशासन एवं सेवा भावना

मुख्य वक्ता के रूप में नारायण नामदेव ने संबोधित करते हुए कहा कि "संघ के कार्यों के माध्यम से समाज में संगठन, अनुशासन और सेवा की भावना का विकास होता है।"उन्होंने संघ के सेवाकार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि संघ वर्षों से सामाजिक और सांस्कृतिक उत्थान के लिए कार्य कर रहा है।उन्होंने स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि संघ जीवनभर सीखने और समाज के लिए कुछ करने की भावना सिखाता है।

## खबर संक्षेप



### शिविर में 20 छात्र-छात्राओं ने किया रक्तदान

**बिहारपुर।** शासकीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य रंजीत कुमार सातपुते के मार्गदर्शन में रेडक्रॉस एवं रेड रिबन संगठन के जिला संयोजक धीरेंद्र कुमार जायसवाल की उपस्थिति में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कॉलेज के 20 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों एवं अध्यापकों ने रक्तदान के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया तथा कहा कि आज के दौर में रक्तदान एक पुनीत कार्य है जो न केवल जरूरतमंदों की जान बचाता है बल्कि दानकर्ता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक होता है। शिविर को छात्र दीपक तिवारी ने रक्तदान कर प्रारंभ किया। प्राचार्य श्री सातपुते ने कहा रक्तदान सबसे बड़ा दान है। यह मानवता की सेवा का सर्वोत्तम उदाहरण है। हर व्यक्ति को जीवन में कम से कम एक बार रक्तदान जरूर करना चाहिए। धीरेंद्र कुमार जायसवाल ने कहा कि आज के युवा समाज में जागरूकता लाने की दिशा में अग्रणी भूमिका निभा रहे है। रक्तदान न केवल मानवता की भावना को जीवित रखती है। बल्कि इससे जरूरतमंदों को जीवनदान भी मिलता है। अंत में महाविद्यालय प्रशासन द्वारा रक्तदाताओं एवं चिकित्सा कर्मियों को सम्मानित किया गया।

### रुद्र महायज्ञ के आयोजन को लेकर बैठक



**शंकरगढ़।** बचवार में स्थित दुर्गा पंडाल परिसर में आगामी माह में रुद्र महायज्ञ एकादशी कुंडीय यज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन की तैयारी को लेकर स्थानीय बचवार में बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयोजन समिति एवं नगर के नागरिक शामिल हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन 7 नवम्बर शीर्ष अगहन तिथि, द्वितीय दिन किया जाएगा। इसके पश्चात यज्ञ प्रारंभ 22 दिसम्बर पौष शुक्ल पक्ष, द्वितीय दिन से होगा। यज्ञ की पूर्णाहुति एवं समापन समारोह 28 दिसम्बर को संपन्न किया जाएगा। समस्त धार्मिक कार्यक्रम श्रीमद् जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी अनुरागी महाराज अयोध्या धाम के सानिध्य में संपन्न होगा। आयोजन समिति ने श्रद्धालु एवं नगर वासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रुद्र महायज्ञ के पुण्य लाभ अर्जित करने कहा है।

### वरिष्ठ नागरिक संघ की बैठक में कार्यकारिणी में हुआ संशोधन

**रामानुजनगर।** वरिष्ठ नागरिक संघ नगर की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें संघ की कार्यकारिणी में आवश्यक संशोधन करते हुए एनएस ठाकुर को सचिव तथा लक्ष्मी नारायण दुबे को कोषाध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। यह निर्णय पूर्व सचिव परशुराम तिवारी के अस्वस्थ हो जाने के कारण लिया गया। बताया गया कि श्री तिवारी को लकवा से पीड़ित हो जाने के कारण वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में असमर्थ हो गए हैं, जिसे देखते हुए संगठन ने यह निर्णय लिया। बैठक में संघ के विश्वनाथ पटेल, उमाकांत द्विवेदी, भोला प्रसाद पटेल, आरएस मिश्रा, एसके तिवारी, महेश प्रताप राजवाड़े, गणेश्वर प्रसाद, हरकेश्वर प्रसाद साहू, नागेंद्र उपाध्याय, सालेश्वरम सिंह, गोपाल सिंह, सुबरन पटेल, महेश खोडियार, एनएस ठाकुर, लक्ष्मी नारायण दुबे सहित अन्य उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्ति पर ड्रेसर को दी गई विदाई



**सीतापुर।** विगत दो दशक से भी ज्यादा समय तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ड्रेसर ग्रेड 1 के पद पर कार्यरत कमलेश कुमार त्रिपाठी को सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी गई।स्वास्थ्य केंद्र के सभाकक्ष में आयोजित विदाई समारोह में बीएमओ डॉ. एसएन पैंकरा ने शाल श्रीफल भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान कमलेश कुमार त्रिपाठी ने अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। इस दौरान लेखापाल देवीदयाल सिंह चौधरी के अथक प्रयासों से तैयार किया गया पेंशन अदायगी आदेश एवं सम्मान पत्र उन्हें प्रदान किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जीआर कुर्रे, डॉ. अमोष किंडो, डॉ. संयोगिता पैंकरा, डॉ. नीरज कुशवाहा, डॉ. संदीप त्रिपाठी, सुरेश यादव, चेतन राठिया, देवदत्त राम, बलभद्र सिंह ठाकुर, हरि यादव, विजय पैंकरा, प्रतिमा गुप्ता, मंजू मिश्रा, सुनीता गुप्ता, विनोद टोप्पो आदि उपस्थित थे।

### दशहरा का मेला देखने आए युवक की बाइक चोरी

**बिश्रामपुर।** दशहरा प्रांगण के समीप बाईक खड़ी कर दशहरा का मेला देखने गए गोविंदपुर कुमदा कॉलोनी निवासी प्रार्थी युवक दिलीप कुमार सिंह पिता रामध्यान सिंह की हीरो पैशन प्रो बाइक क्रमांक बीआर 26 एम 9751 को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया है,घटना दो अक्टूबर रात्रि करीब साढ़े दस बजे की बताई गई है, रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज कर आरोपियों की पता तलाश में जुटी है।

---

### पिछले साल समितियों द्वारा खरीदी गई थी कृषकों की उपज

# ऑनलाइन गिरदावरी से शासकीय पट्टा वन अधिकार धारक किसान वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

इस बार धान विक्रय के लिए राजस्व अमले द्वारा किसानों के खेत में लगाई गई फसलों का ऑनलाइन गिरदावरी किया जा रहा है। ऑनलाइन गिरदावरी में शासकीय पट्टा एवं वन अधिकार धारक किसानों की गिरदावरी नहीं की जा रही है जिससे किसान भयभीत हैं तथा उन्हें पंजीयन के अभाव में धान विक्रय से वंचित होने का भय सता रहा है।

**खास बात**

■ गिरदावरी नहीं होने से हजारों किसान परेशान

शासन द्वारा इस बार भी धान विक्रय के पूर्व गांव-गांव में किसानों के रकबे एवं फसल की स्थिति का सर्वे किया जा रहा है। राजस्व अमला हर किसान के खेत में लगाई गई फसल का आंकलन करता है जिसके आधार पर समितियों द्वारा धान की खरीदी की जाती है। इस बार गिरदावरी को पारदर्शी बनाने के साथ ही किसानों की भूमि उपयोग की सटीक जानकारी एकत्रित करने ऑनलाइन गिरदावरी की जा रही है। राजस्वकर्मी अपने कार्यक्षेत्र के गांवों का भ्रमण कर हर किसान के रकबे एवं भूमि उपयोग की जानकारी ऑनलाइन अपलोड कर रहे हैं। ऑनलाइन गिरदावरी की शुरूआत अगस्त में की गई थी जो अभी भी जारी है। सहकारी समितियों द्वारा पूर्व की तरह इस बार भी पंजीकृत किसानों की सूची आगामी खरीदी के लिए अपलोड किया जाएगा तथा गिरदावरी के अनुसार धान की खरीदी की जाएगी। ऑनलाइन गिरदावरी से किसानों को अपनी भूमि एवं फसल उपयोग की जानकारी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। किसान इस संबंध में स्वयं भी पूरी जानकारी ले सकेंगे। ऑनलाइन गिरदावरी के माध्यम से किसानों के भूमि अभिलेखों का डिजिटलीकरण भी किया जा रहा है। अभी ऑनलाइन गिरदावरी का कार्य पूरा नहीं हुआ है न ही समितियों द्वारा ही पूर्व में पंजीकृत किसानों की सूची को आगामी खरीदी के लिए अद्यतन किया गया है। ऑनलाइन गिरदावरी में शासकीय पट्टाधारक एवं वन अधिकार पत्र धारक किसानों के रकबे की गिरदावरी नहीं की जा रही है जिससे बड़ी संख्या में किसान परेशान हैं तथा कृषकों को आगामी खरीदी के लिए पंजीयन नहीं होने का भय सता रहा है।



धान की फसल।

**अब तक नहीं हुई गिरदावरी**

शासन द्वारा बड़ी संख्या में किसानों को राजस्व भूमि का पट्टा एवं वन अधिकार पत्र जारी किया गया है। पूर्व में समितियों द्वारा ऐसे किसानों की फसल की गिरदावरी की गई थी साथ ही समितियों द्वारा पंजीयन उपरांत धान की खरीदी भी की गई थी। ऑनलाइन गिरदावरी में ऐसे किसानों के रकबे में लगाई गई फसलों की जानकारी अपलोड नहीं की जा रही है जिससे किसानों को धान खरीदी से वंचित होने का भय सता रहा है। इस संबंध में न तो किसानों को राजस्वकर्मी न ही कृषि अधिकारी ही कुछ स्पष्ट जानकारी दे रहे हैं।

**हजारों किसान होंगे प्रभावित**

शासन द्वारा जिलेभर के किसानों को शासकीय पट्टा एवं वन अधिकार पत्र प्रदान किया गया है। हर सहकारी समिति के कार्यक्षेत्र अंतर्गत ऐसे लगभग 400 से अधिक किसान हैं जो शासकीय पट्टे एवं वन अधिकार की भूमि की उपज बेच रहे हैं। धान विक्रय से किसानों को अच्छी आमदनी होती है। ऑनलाइन गिरदावरी के अभाव में न तो धान विक्रय के लिए किसानों का पंजीयन हो सकेगा न ही वे अपनी फसल समितियों में बेच सकेंगे। ऐसे कृषकों में अधिकांश जनजाति समाज के सीमांत कृषक है।

**अब की जा रही गिरदावरी**

अब शासकीय पट्टा एवं वन अधिकार पत्र धारकों के रकबे की भी ऑनलाइन गिरदावरी की जा रही है। शासकीय पट्टा व वन अधिकार पत्र धारक स्वयं अपने मोबाइल अथवा सीएसी के माध्यम से अपने रकबे की गिरदावरी कर सकते हैं। हलका पटवारी के अनुमोदन उपरांत इसे सॉफ्टवेयर में अपलोड कर दिया जाएगा। किसानों को कोई परेशानी नहीं होगी।

-पीएस दीवान
सहायक संचालक, कृषि

---



## जीएसटी 2.0 रिफार्म व आत्मनिर्भर भारत संकल्प को लेकर सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लागू किए गए जीएसटी 2.0 रिफॉर्म से किसानों, व्यापारियों, मध्यमवर्ग एवं आमजन को राहत और सहारा मिलने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा विधानसभा स्तरीय व्यापारी सम्मेलन व आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान भाजपा कार्यालय अटल कुंज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी के मुख्य आतिथ्य, जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी की अध्यक्षता व वरिष्ठ भाजपा नेता भीमसेन अग्रवाल, रामकृपाल साहू, बाबूलाल अग्रवाल, मुकेश गर्ग के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ।

■ व्यापारी व्यवसाय के साथ समाज व राष्ट्र निर्माण में निभा रहे अहम भूमिका

विधायक श्री मरावी ने कहा कि टैक्स व्यवस्था कोई नई नहीं है, यह प्राचीन काल से समाज और राष्ट्र के संचालन का आधार रही है। राजा-महाराजाओं के समय से टैक्स लिया जाता था ताकि जनता के कल्याण और राज्य के संचालन के लिए संसाधन उपलब्ध हो सकें।कांग्रेस के शासनकाल में टैक्स प्रणाली बेहद जटिल और असंगठित हो गई थी, जिसने व्यापारी वर्ग और आम जनता को बोझ तले दबा दिया। जिलाध्यक्ष श्री सोनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पांच स्लैब को घटाकर दो स्लैब कर टैक्स को बेहद सरल, पारदर्शी और व्यावहारिक बनाया है। आज व्यापारी केवल व्यवसाय नहीं कर रहा, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण में भी अहम भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम को भाजपा नेता भीमसेन अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकृपाल साहू, बाबूलाल अग्रवाल, जीएसटी के संभागीय संयोजक मुकेश गर्ग, जिला संयोजक शशिकांत गर्ग ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अशोक सिंह व आभार प्रदर्शन जिला मंत्री राजेश्वर तिवारी ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र के व्यापारी उपस्थित थे।

---

### पुत्र ने पिता पर बेलचा से किया हमला, मौत

**अम्बिकापुर।** शराब के नशे में धुत्त पुत्र ने पिता पर बेलचा से सिर पर प्राणघात हमला कर दिया। मारपीट से गंभीर ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार प्रेमनगर थाना अंतर्गत ग्राम लक्ष्मीपुर निवासी उजियार आ. स्व. भूखल (50 वर्ष) 4 अक्टूबर को गांव में ही दशरथ के यहां करमा त्यौहार मनाने पुत्र बैगा राम व सज्जन के साथ गया था। रात में सभी खाना पीना कर नाचे गाए। सुबह बैगा राम व सज्जन घर आ गए। इसी बीच सज्जन शराब के नशे में मां से विवाद करने लगा जिसे देख भाई ने शांत रहने समझाया लेकिन वह नहीं माना तो बैगा राम पिता को बुलाने चला गया। कुछ समय बाद पिता उजियार डंडा लेकर आने लगा तो पुत्र पिता के हाथ में डंडा देख घर के छानी पर चढ़ गया और वहां से उतरने के पश्चात बेलचा से पिता के सिर पर जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट से गंभीर हुए ग्रामीण को परिजन मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## धनवार आरटीओ बेरियर में घुसकर कर्मचारियों से मारपीट, पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

धनवार आरटीओ बेरियर में घुसकर शासकीय कर्मचारियों से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने इस प्रकरण में एक नाबालिग समेत 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

■ पूर्व में हुआ था विवाद, आवासीय परिसर में घुस गए थे आरोपी

बताया जा रहा है कि 4 अक्टूबर को चन्दन यादव, कैलाश यादव, उपेन्द्र उर्फ गोलू समेत आधा दर्जन से अधिक अचानक ही रात को धनवार आरटीओ बेरियर में घुस आए थे। इस दौरान उन्होंने बेरियर में मौजूद उप निरीक्षक भूषण ध्रुव, सिद्धार्थ पटेल, प्रधान आरक्षक कौशल साहू से गाली गलौज करने लगे। उन्होंने परिवहन उप निरीक्षक भूषण ध्रुव, चालक ओमप्रकाश राजवाड़े से मारपीट कि। इसके साथ ही आवासीय परिसर में घुसकर कर्मचारियों से गाली गलौज की। इसके बाद आरोपी परिवहन निरीक्षक महेंद्र सिंह कुलदीप के रूम में घुस गए और शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए निरीक्षक से मारपीट की। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी बाग़ निकले जिसके बाद उन्होंने घटना की शिकायत पुलिस से की। घटना की जांच के दौरान यह बात सामने आई कि 1 अक्टूबर को चन्दन यादव और पिकअप चालक ने तेज गति से वाहन हलाते हुए पिकअप को बेरिकेट के ऊपर चढा दिया था जिसे लेकर आरोपियों और आरटीओ बेरियर के कर्मचारियों के बीच विवाद हुआ था लेकिन बाद में बाद में मामले को शांत करा दिया गया। इसी घटना का बदला लेने के लिए 4 अक्टूबर को उपेन्द्र यादव, कैलाश यादव, चंदन यादव एवं अन्य पांच लोग स्कार्पीयो एवं बाईक से आरटीओ कार्यालय एवं आवासिय परिसर घुसकर मारपीट की। इस घटना में पुलिस के एक अपचारी समेत बसंतपुर निवासी 42 वर्षीय कैलाश यादव आ. स्व. जितेन्द्र प्रसाद यादव, प्रेमनगर निवासी 25 वर्षीय उपेन्द्र उर्फ गोलू यादव आ. सहदेव यादव, बसंतपुर निवासी 32 वर्षीय रंजन रवि आ. सितलाल रवि राम, जमई निवासी 20 वर्षीय अर्जुन यादव आ. शिवकुमार यादव को बीएनएस की धारा 121, 132, 221, 191 (2), 296, 331 (6) के तहत गिरफ्तार कर लिया है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। कार्रवाई में थाना प्रभारी बंसतपुर जितेन्द्र सोनी, रघुनाथ सिंह मरावी, धनसिंह सांडिल्य, पंकज पोर्ते, विवेक कुमार, अनिल पण्डयार शामिल रहे।



---

## साइबर ठग गिरफ्तार, सीएससी सेंटर से हस्तांतरित होता था ठगी का पैसा

**राजपुर।** म्यूल अकाउंट के माध्यम से साइबर ठगी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार राजपुर निवासी विशाल पैकरा के विभिन्न बैंकों में संचालित खातों के लेनदेन की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान आरोपी विशाल पैकरा के तीन बैंक खातों से कुल 9 लाख 45 हजार 787 रुपए के अवैध लेनदेन की पुष्टि हुई थी।

इस मामले में पुलिस ने पूर्व में ही विशाल पैकरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस साइबर ठगी के मामले में पुलिस मुख्य आरोपी मनेन्द्रगढ़ चैनपुर निवासी आशीष वर्मा आ. यज्ञनारायण वर्मा की तलाश कर रही थी। पुलिस ने आरोपी आशीष वर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी आशीष और विशाल ने मिलकर अलग अलग राज्यों में ठगी की वारदात को अंजाम दिया और ठगी के रुपए को बैंक में मंगवाया जाता था और जहां विशाल पैकरा अपना कमीशन काटकर शेष रुपए सीएससी सेंटर में क्यूआर कोड के माध्यम से आशीष के खाते में हस्तांतरित कर देता था।



### ट्रैक्टर में लगे कैच व्हील को लेकर परिवहन विभाग सख्त

**अम्बिकापुर।** ट्रैक्टरों के पहिए में लगे कैच व्हील को लेकर परिवहन विभाग न सिर्फ सख्त हो गया है बल्कि आज ग्रामीण क्षेत्र में जांच कर ट्रैक्टरों के पहिए से कैच व्हील को निकलवा। साथ ही वाहन मालिकों को कैच व्हील नहीं लगाए की समझाइश दी है। ट्रैक्टर के पहिये में कैच व्हील लगाकर चलाने से सार्वजनिक सड़कों को क्षति पहुंचती है जिसके कारण हादसों की आशंका भी बढ़ जाती है। इसके सम्बंध में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिका भी लगाई गई है। इस सम्बंध में परिवहन विभाग द्वारा सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में ट्रैक्टरों का जांच अभियान चलाया जा रहा है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विनय सोनी ने बताया कि ट्रैक्टरों मे लगाए गए कैच व्हील के संबंध में विभिन्न ग्रामों में जागरूकता शिविर लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में आज ग्राम पंचायत चठिरमा में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जहां ग्रामीणों को कैच व्हील लगाकर ट्रैक्टर चलाने से होने नुकसान के बारे में बताया गया। साथ ही कैच व्हील लगे वाहनों से कैच व्हील को हटवाया गया। परिवहन अधिकारी विनय सोनी ने बताया कि चेकिंग के दौरान यदि कोई वाहन कैच व्हील लगाकर चलता पाया गया तो उस पर नियमानुसार चलानी कार्यवाही की जाएगी।



## स्वच्छता को लेकर एसईसीएल और नपं की संयुक्त रणनीति कागजों में सिमटी



वार्ड मे पसरी गंदगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर पंचायत व एसईसीएल बिश्रामपुर के बीच स्वच्छता व्यवस्था को लेकर लंबे समय से चल रही तनातनी के बाद गत दिनों अगस्त महीने में हुए बैठक उपरांत प्रतिमाह बैठक का निर्णय केवल कागजी कार्रवाई बनकर रह गई है। मैदानी स्तर पर आमजन को आज भी गंदगी के बीच जीवनयापन करने विवश होना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर गत दिनों अगस्त महीने में नपं बिश्रामपुर सभाकक्ष में नगर पंचायत और एसईसीएल प्रबंधन की संयुक्त बैठक आयोजित हुई थी, जिसमें कई अहम फैसले लिए गए थे बैठक में तय हुआ था कि अब हर महीने दोनों प्रबंधन की संयुक्त बैठक होगी और नगर विकास व मूलभूत सुविधाओं को लेकर साझा रणनीति बनाई जाएगी,इसके लिए एक संयुक्त टीम का गठन भी किया जाएगा,जो कॉलोनियों की सफाई व्यवस्था और विकास कार्यों पर नजर रखेगी,ज्ञात हो कि नपं बिश्रामपुर अध्यक्ष निर्मला यादव द्वारा मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित कर उल्लेख किया गया था कि नगर पंचायत बिश्रामपुर में साफ सफाई कार्य के लिए नगर पंचायत एवं एसईसीएल प्रबंधन दोनों की जिम्मेदारी है, नगर पंचायत बिश्रामपुर द्वारा तो संपूर्ण निकाय क्षेत्र में कार्ययोजना बनाकर सफाई कार्य किया जा रहा है, लेकिन एसईसीएल प्रबंधन साफ सफाई के नाम पर नगर में केवल खानापूर्ति कर रहा है, एसईसीएल द्वारा प्रति वर्ष टेण्डर पद्धति से कई लाख रुपये की राशि निविदा निकालकर ठेकेदारों को साफ सफाई का कार्य दिया जाता है, किन्तु एसईसीएल प्रबंधन द्वारा स्वच्छता के नाम पर लाखों रुपए का फर्जीवाड़ा किया जा रहा है, कालोनियों में पर्याप्त सफाई हेतु लगभग 28 कर्मचारी लगाना निर्धारित है, परन्तु उनके द्वारा कालोनियों में महज कुछ ही कर्मचारी लगाकर साफ सफाई की कोरम पूर्ति की जाती है, नपं बिश्रामपुर अध्यक्ष निर्मला यादव का सुझाव था कि एसईसीएल सफाई कार्य का जिम्मा नगर पंचायत को सौंप दें और भुगतान भी सीधे नगर पंचायत को करें ताकि काम सुचारू रूप से हो सके,यदि नहीं दिया जाता है तो प्रतिवर्ष सफाई के नाम पर जो एसईसीएल प्रबंधन द्वारा बड़ी रकम का टेण्डर निकाला जाता है उसे व्यवस्थित रूप से संचालित किया जाए, जिससे नगर में सफाई हेतु किसी भी प्रकार से परेशानी न हो,नपं बिश्रामपुर अध्यक्ष के पत्र पर मुख्यमंत्री द्वारा सूरजपुर कलेक्टर को निर्देशित किया गया था कि नपं बिश्रामपुर व एसईसीएल प्रबंधन की संयुक्त बैठक कराकर समस्या का निराकरण कराया जाए,इसी तारतम्य में अगस्त महीने में कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देश पर लटोरी तहसीलदार सुरेंद्र पैकरा की उपस्थिति में एसईसीएल प्रबंधन व नपं बिश्रामपुर की संयुक्त बैठक नपं के सभाकक्ष में की गई थी।

■ वार्डों में जगह-जगह कचरे का अम्बार

---

## ग्रामीण बैंक केवरा में नहीं है पेयजल की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

विकासखंड प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत केवरा में स्थित छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में बैंक प्रबंधन की लापरवाही का खामियाजा बैंक आने वाले लोगों को भुगतना पड़ रहा है। बैंक परिसर में पानी की व्यवस्था नहीं होने से लोग दुकानों से पानी का बंद बोतल खरीदने को मजबूर है। बैंक में दूर दराज से लोग अपने अपने विभिन्न कार्यों को लेकर रोज पहुंचते है।

■ दुकानों से पानी का बंद बोतल खरीद कर पीने को मजबूर

बैंक में लोगों भीड़ लगी रहती है। कभी-कभी तो ग्रामीणों को कई कई घंटे बैंक में ही बिताना पड़ता है लेकिन बैंक परिसर में कहीं पर पेयजल की सुविधा नहीं किया गया जिससे आने वाले ग्रामीण हितग्राहियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में किसी ग्रामीणों की अचानक तबीयत खराब हो गई और उसे पानी की जरूरत पड़ी तो लोग पानी ढूंढते ही रह जाएंगे। जबकि बैंक में कई तरह से लोग आया करते हैं जिसमें वृद्ध महिला, बुजुर्ग, समूह की महिलाएं बच्चे होते है। काफी समय तक बैंक में रहने से प्यास लगने पर लोगों को पानी समय पर उपलब्ध नहीं होता जिससे लोग पेयजल के लिए परेशान होते है। लोगों ने बैंक परिसर में पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की है।

### प्रवीण बने सामरी विधायक के प्रतिनिधि



**राजपुर।** बलरामपुर जिले के सामरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक उद्देश्वरी पैकरा ने राजपुर निवासी प्रवीण अग्रवाल को सामरी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 8 का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। प्रवीण अग्रवाल वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। विधायक प्रतिनिधि के रूप में उन्हें क्षेत्र के विकास कार्यों, जनसमस्याओं के समाधान और जनसंपर्क से संबंधित जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

## कांग्रेस सह प्रभारी की मौजूदगी में भरवाए गए समर्थन पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

प्रदेश कांग्रेस सह प्रभारी श्रीमती जरिता लैतफलांग की मौजूदगी में कांग्रेस ने बरियों चारपारा में आम सभा का आयोजन किया। इस दौरान वोट चोरी को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस ने डोर-टू-डोर अभियान भी चलाया गया जिसमें नागरिकों को मतदाता सूची में गड़बड़ी और वोट चोरी के मामलों से अवगत कराते हुए अभियान के समर्थन में शपथ पत्र भरवाए गए।

■ वोट चोरी के खिलाफ चलाया गया अभियान





कार्यक्रम के दौरान सह प्रभारी श्रीमती लैतफलांग ने निर्वाचन आयोग पर पक्षपाती रवैया अपनाने और भाजपा को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि एक ही मकान नंबर पर सैकड़ों नाम दर्ज किए जा रहे हैं और एक ही व्यक्ति का नाम अलग-अलग स्थानों पर शामिल किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं की नाराजगी पर प्रतिक्रिया देते हुए फलांग ने कहा कि यदि किसी को मंच या सम्मान नहीं मिलता तो घर बैठने से बेहतर है संगठन का हाथ थाम कर अपनी नाराजगी दूर करें। संगठन तभी मजबूत होगा जब हर हाथ एक-दूसरे का सहारा बने। जिला कांग्रेस अध्यक्ष केपी सिंहदेव, पूर्व विधायक डॉ. प्रीतम राम सहित कई नेताओं ने कार्यक्रम को संबोधित किया। मंच संचालन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील सिंह और आभार प्रदर्शन जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी रामदेव राम ने किया।

कार्यक्रम के तहत शंकरगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय पैकरा के नेतृत्व में लगभग 1700 फार्म और जिलेभर से कुल 2000 फार्म भरकर प्रदेश सह प्रभारी को सौंपे गए। फलांग ने बताया कि सरगुजा, रायगढ़ और बिलासपुर संभाग में बलरामपुर पहला जिला है, जहां से यह अभियान औपचारिक रूप से शुरू हुआ है। इस दौरान राजेंद्र तिवारी, विष्णु सिंहदेव, विजय पैकरा, विवेक सिंहदेव, लालसाय मिंज, पूरनचंद्र जायसवाल, राम बिहारी यादव, राजेंद्र सोनी, राजेंद्र श्रीवास्तव, हरि किशुन पैकरा, बृजेश मिश्रा, सुनील भगत, मो. नियाज, नीरज अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।



# टॉक्सिक में काम करने पर उत्साहित हैं अक्षय

**मुंबई।** अभिनेता अक्षय ओबेरॉय हाल ही में फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में नजर आए हैं। यह फिल्म इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। अब अक्षय ने फिल्म टॉक्सिक में साउथ सुपरस्टार यश के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात की। उन्होंने टॉक्सिक का हिस्सा होन पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी फिल्म में काम करने का मौका मिलने के अलावा मुझे निर्देशक गीतू मोहनदास के साथ काम करके बहुत अच्छा लगा। मुझे उनकी पिछली फिल्में भी बहुत पसंद आई हैं। मुझे लगता है कि वह मेरी पसंदीदा निर्देशकों में से एक हैं, जिनके साथ मैंने अब तक काम किया है।

लाइफ Style



# रश्मिका

## अचानक हुई थी 'तुम मेरे न हुए' गाने की शूटिंग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साउथ फिल्मों की चर्चित अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का हाल ही में एक गाना रिलीज हुआ 'तुम मेरे न हुए', जिसने काफी चर्चा बटोरी। आपको बताते चलें कि ये उनकी आगामी फिल्म 'थामा' का सॉन्ग का था। रविवार के दिन एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर गाने से जुड़ी कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए सॉन्ग के बारे में दिलचस्प किस्सा साझा किया है।

रश्मिका मंदाना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने अपनी आगामी फिल्म का गाना 'तुम मेरे न हुए' के कुछ पलों को साझा किया है। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'इस गाने के पीछे की कहानी यह है कि हम लगभग 10-12 दिनों से एक बहुत ही आश्चर्यजनक स्थान पर शूटिंग कर रहे थे। आखिरी दिन हमारे निर्माता और निर्देशक को अचानक एक शानदार विचार आया, जहां उन्होंने कहा, 'रुको, हम यहां एक गाना क्यों नहीं शूट करते। यह एक शानदार लोकेशन भी है।' मैंने कहा क्यों नहीं और लगभग 3-4 दिनों में हमने यह सब संभव कर लिया।' अभिनेत्री ने आगे कहा, अंत में हम इसे देखकर आश्चर्यचकित थे। इसके लिए सभी डांसर्स, कॉस्ट्यूम डिपार्टमेंट, सेट के लोगों, लाइट्स डिपार्टमेंट, डायरेक्शन डिपार्टमेंट, प्रोडक्शन डिपार्टमेंट को धन्यवाद। यह गाना आपकी कड़ी मेहनत की वजह से संभव हुआ। इसके अलावा उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि सभी दर्शक गाने का आनंद ले रहे होंगे। आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की थामा 2025 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। यह मैडॉक की हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा है, जिसमें स्त्री, स्त्री 2, मुंजा और भेड़िया जैसी फिल्में शामिल हैं। 'थामा' का निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है।

## हॉलीवुड मसाला



### वाइस प्रिंसिपल्स सीरीज से मिली पहचान

लॉस एंजिल्स। वाइस प्रिंसिपल्स कॉमेडी सीरीज में डॉ. बेलिंडा ब्राउन की भूमिका निभाने के लिए मशहूर अभिनेत्री किम्बर्ली हेबर्ट ग्रेगरी का 52 वर्ष की आयु में निधन हो गया। एक्ट्रेस को फाइव फीट अपार्ट, केविन सेव्स द वर्ल्ड, 'क्रेग ऑफ द क्रीक और एचबीओ शो वाइस प्रिंसिपल्स में उनके प्रदर्शन के लिए व्यापक रूप से पहचाना जाता था। इसके अलावा वो गॉसिप गर्ल, न्यू एम्स्टर्डम, प्राइवेट प्रैक्टिस, टू एंड ए हाफ मेन और 'द बिग बैंग थ्योरी' में भी शामिल थीं। अभिनेत्री किम्बर्ली हेबर्ट ग्रेगरी के पूर्व पति-अभिनेता चेस्टर ग्रेगरी ने उनके निधन की खबर के पुष्टि की।



### परफेक्ट कपल 2 में नजर आएंगे ईशान

**लॉस एंजिल्स।** ईशान खट्टर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के स्टोरी सेक्शन में सीरीज परफेक्ट कपल की अपनी एक को-एक्ट्रेस के साथ फोटो शेयर किया। इस फोटो के शेयर करते हुए, उस पर कैप्शन लिखा, 'सीजन टू?' आगे लिखा, 'परफेक्ट कपल मिल गया।' शो के मेकर्स को भी ईशान खट्टर ने यह पोस्ट टैग की है। ईशान खट्टर अपनी पोस्ट के जरिए मेकर्स को हिंट दे रहे हैं कि सीरीज 'परफेक्ट कपल 2' करना चाहते हैं। यही ख्वाहिश उनकी को-एक्ट्रेस की भी है। बताते चलें कि अमेरिकन सीरीज 'परफेक्ट कपल(2024)' में ईशान का रोल ज्यादा बड़ा नहीं था, फिर भी वह दर्शकों को याद रह गए। इस मर्डर मिस्ट्री सीरीज को सुजैन बियर ने निर्देशित किया था। निकोल किडमैन जैसी हॉलीवुड की नामी एक्ट्रेस के साथ ईशान को एक्टिंग करने का मौका सीरीज परफेक्ट कपलमें मिला।



# शिरडी वाले साईं बाबा के किए दर्शन...

**मुंबई।** शिल्पा शेट्टी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'केडी द डेविल' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच आज शिल्पा ने शिरडी वाले साई बाबा के दर्शन की शानदार तस्वीरें सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। इस दौरान शिल्पा के साथ उनकी बहन शमिता शेट्टी भी नजर आईं। शिल्पा शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शिरडी वाले साई बाबा के दर्शन की भक्तिपूर्ण तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में शिल्पा साई बाबा को निहारती नजर आ रही हैं, तो किसी तस्वीर में शिल्पा बाबा के चरणों का आशीर्वाद लेती नजर आ रही हैं। इन सभी तस्वीरों में शिल्पा के साथ उनकी बहन और एक्ट्रेस शमिता शेट्टी भी नजर आ रही हैं। इन लाजवाब तस्वीरों के साथ शिल्पा ने कैप्शन में लिखा, 'उसका समय हमेशा सही होता है। इस पर विश्वास करें, इसे अनुमति दें।



# 'कजरारे' पर कम पैसे मिले तो भड़क गई थीं

**मुंबई।** बंटी और बबली का गाना 'कजरारे' आज भी बॉलीवुड डीजे नाइट्स में धूम मचाता है। इस गाने को अलीशा चिनॉय ने गाया था और ऐश्वर्या पर उनकी आवाज काफी सूट भी की। गाने से जुड़ी एक कॉन्ट्रोवर्सी भी सुर्खियों में रह चुकी है जिसमें अलीशा और यशराज के बीच झगड़े की बात सामने आई थी। खबरें थीं कि वाईआरएफ ने इस गाने के बदले अलीशा को काफी कम पैसे दिए थे जो उन्होंने वापस कर दिए थे। इस मामले पर अलीशा ने एक रीसेंट इंटरव्यू में बात की है। अलीशा बोलीं, 'मेरे सफल होने के बाद भी उन लोगों ने मुझे कम पैसे दिए थे। कजरारे पर बहुत बवाल हुआ थ, क्योंकि मैं बहुत-बहुत नाराज थी। दरअसल मैं हर्ट और अपसेट थी। मुझे लग रहा था कि क्या एक सिंगर की उनके लिए कोई वैल्यू नहीं थी। मैं तब बड़ा नाम थी।

## टीवी मसाला



### अविका की शादी में हिना ने निभाई जूता चुराई की रस्म

**मुंबई।** टीवी शो पति पत्नी और पंगा के सेट पर अविका और मिलिंद शादी के बंधन में बंधे हैं। अविका गौर की शादी नेशनल टीवी पर अब टेलीकास्ट हो रही है। इस शादी में कई टीवी, बॉलीवुड कपल्स शामिल हैं। एक प्रोमो वीडियो में हिना खान ने अविका की शादी में जूता चुराई की रस्म निभाई है। शो पति पत्नी और पंगा के हालिया रिलीज प्रोमो में हिना खान, मिलिंद के जूते चुराती दिखीं। इसके बाद ईशा मालवीय के साथ मिलकर उन्होंने जूतों के बदले 1 लाख रुपए की डिमांड कर दी। लंबी नोक-झोंक के बाद मिलिंद ने नेशनल टीवी पर हिना खान को 1 लाख रुपए दिए। शो 'पति पत्नी और पंगा'में शामिल कपल्स ने अविका की शादी में खूब मस्ती-मजाक किया। अविका भी दुल्हन के जोड़े में नजर आईं। वहीं, अविका और मिलिंद के फैमिली मेंबर्स भी शो के सेट पर दिखाई दिए। अविका की बात करें तो वह सीरियल बालिका वधू से टीवी पर पॉपुलर हुईं। प्रोमो के आखिर में सलमान खान भी नजर आए। वह अविका और मिलिंद की शादी से जुड़ा अपडेट फैंस को बताते हैं। सलमान खान इन दिनों 'बिग बॉस 19' को होस्ट कर रहे हैं। साथ ही वह एक फिल्म बैटल ऑफ गलवां भी कर रहे हैं।

### एल्विश को सलमान ने आते ही कर दिया रोस्ट

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 का वीकेंड का वार हर बार की ही तरह इस बार भी मजेदार रहा। जैसे ही मंच पर एल्विश यादव की एंट्री हुई, मस्ती-मजाक का माहौल हो गया। बिग बॉस ओटीटी 2 के विनर रह चुके



एल्विश इस बार एक खास टास्क लेकर शो में पहुंचे थे- 'पॉयजन एंड एंटीडोट' यानी जहर और इलाज। लेकिन, असली ट्विस्ट तब आया जब सलमान खान ने एल्विश को उसी के पुराने विवाद पर मजे लेते हुए चुटकी ले डाली। शो की शुरुआत में जब एल्विश यादव मंच पर आए, सलमान ने मुस्कुराते हुए कहा, 'आए हैं एल्विश यादव, जो सिस्टम हैंग कर देंगे।' इसके बाद एल्विश ने मजाकिया अंदाज में कहा, 'मैं घरवालों के अंदर का जहर निकालने आया हूं।' इस पर सलमान तुरंत बोले, 'विष से तो आपका पुराना नाता है।' सलमान की इस बात पर एल्विश भी मुस्कुरा कर बोले, 'काफी पुराना।' सलमान ने एक और तंज कसते हुए कहा, 'अच्छा, अब इलाज भी करने लगे हो क्या?' सलमान की यह बात उनके एल्विश यादव के स्नेक वेनम केस की ओर इशारा थी, जो कुछ महीनों पहले काफी सुर्खियों में रहा था। उस मामले में एल्विश पर एक रेव पार्टी में सांप का जहर इस्तेमाल करने का आरोप लगा था।

# यशराज की फिल्म में साथ नजर आएंगे शारवरी-अहान!

**मुंबई।** शारवरी वाघ और अहान पांडे ने निर्देशक अली अब्बास जफर की नई एक्शन-रोमांस फिल्म साइन कर ली है। अभिनेत्री शारवरी ने कथित तौर पर फिल्ममेकर अली अब्बास जफर की आने वाली इस अनाम एक्शन-रोमांस फिल्म में अहान पांडे और शरवरी वाघ की जोड़ी नजर आएगी। अहान पांडे ने अपनी फिल्म 'सैय्यारा' से बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया। वहीं शरवरी भी 100 करोड़ की हिट फिल्म 'मुंजा' का हिस्सा रहीं। दोनों ने साबित कर दिया कि अच्छा अभिनय ही लोगों को थिएटर तक खींच सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 'सैयारा' एक्टर अहान पांडे और 'मुंजा' एक्ट्रेस शरवरी वाघ यशराज फिल्म्स की आगामी एक्शन रोमांस फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर करेंगे। इस फिल्म के जरिए जफर टाइगर जिंदा है के 9 साल बाद वाईआरएफ बैनर के साथ वापसी कर रहे हैं। यह एक एक्शन-रोमांस फिल्म होगी।



यह फिल्म अभी बिना टाइटल है। यह आदित्य चोपड़ा और अली अब्बास जफर की पांचवीं फिल्म साथ में होगी। पहले वे मेरे ब्रदर की दुल्हन, गुंडे, सुल्तान और टाइगर जिंदा है जैसी फिल्में बना चुके हैं। सोशल मीडिया पर फैंस इस खबर से बेहद खुश हैं और शरवरी और अहान को एक साथ देखने के लिए उत्सुक हैं। तो वहीं कई फैंस शरवरी और अहान की जोड़ी को लेकर फायर इमोजी पोस्ट कर रहे हैं।

# क्राइम-थ्रिलर से लेकर एक्शन-रोमांस तक

## इस हफ्ते ओटीटी पर मिलेगा एंटरटेनमेंट का भरपूर डोज

**मुंबई।** त्योहारों के बाद का हफ्ता मनोरंजन के लिहाज से किसी भी तरह से फीका नहीं पड़ने वाला है। सिनेमाघरों से लेकर ओटीटी प्लेटफॉर्म्स तक इस बार दर्शकों के लिए ढेरों नए ऑप्शंस मौजूद हैं। ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी की मच अवेटेड फिल्म 'वॉर 2' जहां दस्तक देने वाली है, वहीं भारत की पहली पौराणिक एनिमेटेड सीरीज भी रिलीज होने वाली है।

**वॉर 2** : आदित्य चोपड़ा के वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की छठी फिल्म 'वॉर 2' इस हफ्ते दर्शकों के बीच आ रही है। अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित इस एक्शन थ्रिलर में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर आमने-सामने नजर आएंगे, जबकि कियारा आडवाणी फिल्म की लीड अभिनेत्री हैं।



कहानी में इस बार अंतरराष्ट्रीय साजिशों और रोमांचक एक्शन सीक्वेंस का जबरदस्त मेल देखने को मिलेगा। फिल्म की रिलीज डेट 9 अक्टूबर है और इसे नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा।

**द वुमन इन केबिन 10** : रुथ वेयर के मशहूर उपन्यास पर आधारित यह फिल्म एक ऐसे ट्रिप की कहानी है जो रहस्यमय मोड़ ले लेता है। सिमोन स्टोन के निर्देशन में बनी इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर में कीरा नाइटली और गाइ पियर्स लीड रोल में हैं। फिल्म की कहानी दर्शकों को रहस्य, डर और दिमागी उलझनों की गहराई में ले जाएगी। ये फिल्म 9 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है।

**सर्चः द नैना मर्डर केस** : डेनिश शो 'द किलिंग'से प्रेरित यह भारतीय अडैप्टेशन दर्शकों को एक गंभीर मर्डर इन्वेस्टिगेशन की दुनिया में ले जाएगा। निर्देशक रोहित सिप्पी के निर्देशन में बनी इस सीरीज में कोंकणा सेन शर्मा एक पुलिस ऑफिसर के किरदार में हैं, जो रहस्यों की परतें खोलती जाती हैं। ये सीरीज 10 अक्टूबर को जियोहॉटस्टार पर रिलीज हो रही है।

**कुरुक्षेत्र** : भारत की पहली पौराणिक एनिमेटेड सीरीज 'कुरुक्षेत्र' इस बार दर्शकों को 18 दिनों की उस भीषण लड़ाई में ले जाएगी, जिसने युगों तक इतिहास रचा। शो की खासियत यह है कि इसमें हर योद्धा की दृष्टि से युद्ध को दिखाया जाएगा। इस सीरीज को भी 10 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा।

**स्थल** : जयंत सोमालकर द्वारा निर्देशित मराठी फिल्म स्थल समाज में मौजूद पारंपरिक विवाह व्यवस्था की जटिलताओं पर सवाल उठाती है। नंदिनी चिखटे द्वारा निभाया गया मुख्य किरदार एक ऐसी लड़की का है। ये फिल्म जी 5 पर 10 अक्टूबर को रिलीज होगी।

## ये फिल्में बताती हैं कि करवा चौथ सिर्फ व्रत नहीं, बल्कि प्यार की है अमिट डोर

# इन बॉलीवुड फिल्मों में दिखाया गया चांदनी रात का जादू

*नई दिल्ली। बॉलीवुड की कुछ फिल्मों में करवा चौथ के व्रत को दिखाया गया है। ये फिल्में बताती हैं कि करवा चौथ सिर्फ व्रत नहीं, बल्कि प्यार की अमिट डोर है। इस करवा चौथ पर इन फिल्मों के खास करवा चौथ सीन दोबारा देखिए और अपने पार्टनर के साथ स्पेशल टाइम बिताइए। करवा चौथ के त्योहार पर चांद को देखकर व्रत खोलने की ये परंपरा बॉलीवुड फिल्मों में भी खूब नजर आई है। आज हम बात करेंगे उन चुनिंदा फिल्मों की, जहां करवा चौथ का सीन दिल छू लेने वाला रहा। ये सीन न सिर्फ इमोशनल हैं, बल्कि प्यार की मिसाल भी देते हैं।*

### कभी खुशी कभी गम

फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' में करवा चौथ का सीन काजोल और शाहरुख खान के बीच फिल्माया गया है। चांद निकलते ही काजोल हंसते-हंसते छलनी से चांद देखती है। ये सीन इतना मजेदार और रोमांटिक है कि आज भी फैंस इस फिल्म को देखना पसंद करते हैं। वहीं इस सीन में करीना कपूर भी ऋतिक रोशन के साथ मस्ती करती हैं। करीना ने फिल्म में पूजा का किरदार निभाया है। करीना एक सीन में ऋतिक से कहती हैं- 'मैंने तो चांद को देख लिया, अब तुम भी देख लो'।



### दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे

शाहरुख खान और काजोल की फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' में भी करवा चौथ का शानदार सीन दिखाया गया। 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' का यह खास सीन घर-घर पहुंचा। काजोल का किरदार सिमरन अपने बॉयफ्रेंड राज (शाहरुख) के लिए व्रत रखती है।



### बागबान

अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी की फैमिली ड्रामा फिल्म 'बागबान' में करवा चौथ का सीन इमोशनल टच देता है। हेमा मालिनी का किरदार अपने पति (अमिताभ बच्चन) के लिए व्रत रखती है। बेटों की कठोरता के बीच ये सीन पति-पत्नी के अटूट बंधन को दर्शाता है। चांद देखते हुए आंसू और मुस्कान का मेल दिल को छू जाता है।

### हम दिल दे चुके सनम

सलमान खान, ऐश्वर्या राय और अजय देवगन की रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'हम दिल दे चुके सनम' में ऐश्वर्या का किरदार नंदिनी करवा चौथ का व्रत रखती है। गुजराती रीति-रिवाजों से सजा ये सीन पारंपरिक रंगों से भरपूर है। नंदिनी चांद को देखकर व्रत खोलती है, जो प्यार और त्याग की कहानी को और गहरा बनाता है। सलमान का इंतजार वाला ट्विस्ट तो कमाल का है।

## खबर संक्षेप

### 20 टन अवैध स्क्रैप के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** अवैध स्क्रैप परिवहन पर कोतरारोड़ पुलिस ने बीती रात बड़ी कार्रवाई करते हुए 20 टन लोहे के स्क्रैप सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर एक माजदा वाहन जप्त किया है। दरअसल रविवार की रात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद रंग की माजदा वाहन भूपदेवपुर की ओर से भारी मात्रा में अवैध कबाड़ लोड कर रायगढ़ की ओर आ रही है। सूचना पर पुलिस टीम ने जिंदल पार्किंग पतरापाली के पास घेराबंदी की। कुछ ही देर में संदिग्ध माजदा वाहन टीम को आते दिखी। तभी अचानक पुलिस को देखकर चालक वाहन को तेज गति से भगाने लगा, जिसका पीछा करके पुलिस ने उसे रोक लिया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें लोहे के एंगल, सरिया, सेंट्रिंग प्लेट, स्टील रॉड, स्क्रैप और विभिन्न वाहनों के कलपुर्जे मिले। वाहन में बैठे दोनों व्यक्तियों ने अपना नाम ओमप्रकाश लहरे पिता इतवारीराम 34 वर्ष निवासी डरई थाना सक्ती जिला सक्ती व सुभाष कुमार सूर्यवंशी पिता रामरतन सूर्यवंशी 25 वर्ष निवासी जखे थाना सिटी कोतवाली जिला जांजगीर-चांपा बताया। स्क्रैप परिवहन के दस्तावेज प्रस्तुत करने के नोटिस देने पर दोनों कोई वैध कागजात नहीं दिखा सके। पुलिस ने जप्त किए गए स्क्रैप का वजन 20,160 किलोग्राम पाया, जिसकी कीमत लगभग 6 लाख 4 हजार 800 रुपए है।

### दीवार ढहने से मासूम की मौत, मर्ग कायम

**रायगढ़।** पुसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत बोर पंप के पास बनी दीवार अचानक भरभरा कर ढह गई, जिसकी चपेट में आने से मां के साथ पानी भरने गई दो वर्षीय मासूम बच्ची के दब जाने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले को जांच में लिया गया है। जानकारी के अनुसार पुसौर थानांतर्गत ग्राम लंकापाली निवासी राजेश सतनामी की पत्नी शुक्रवार को अपनी दो वर्षीय बेटी शिवांशी को लेकर बोर पंप के पास बनी पानी टंकी से पानी लेने गई थी। टंकी के आसपास की जगह को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से ईंट की छोटी दीवार बनाई गई थी जो अचानक भरभरा कर गिर गई। दीवार के गिरने से उसकी चपेट में मासूम शिवांशी आ गई। तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मलबे में दबी बालिका को किसी तरह बाहर निकाला तथा तत्काल उसे उपचार के लिए पुसौर अस्पताल ले जाया गया जहां प्रारंभिक जांच उपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पुसौर थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंचे और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

### लाखों की चोरी मामले को पुलिस ने सुलझाया

**राउरकेला।** सेक्टर 15 पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक चोरी के मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सोने चांदी के आभूषण, नकद राशि और मोबाइल फोन बरामद किए हैं।
सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी घनश्याम को दबोचा और चोरी की गई वस्तुएं उसके पास से बरामद कीं। बरामद सामानों में एक सोने की बाली, दो पायजेब की अंगूठियां, एक जोड़ी चांदी की पायल, 20,400 नकद राशि और तीन मोबाइल फोन शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस त्वरित कार्रवाई से सेक्टर 15 के प्रभावित निवासियों में सुरक्षा को लेकर विश्वास बहाल हुआ है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है और यह जांच जारी है कि क्या वह अन्य चोरी की घटनाओं में भी शामिल था।

### राजपूत क्षत्रिय समाजगृह का किया गया उद्घाटन

**सुंदरगढ़।** एक गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक अवसर पर राजपूत क्षत्रिय समाजगृह का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा उपाध्यक्ष भवानि शंकर भोई उपस्थित रहे। स्वतंत्र सम्मानित अतिथि के रूप में सदर विधायक योगेश सिंह ने भी हिस्सा लिया। नव निर्मित समाजगृह का नाम वीर सुरेंद्र साय के सम्मान में रखा गया है। उद्घाटन समारोह में फीता काटकर भवन का औपचारिक रूप से उद्घाटन किया गया।

प्रदेश के 5 संभागों के 632 खिलाड़ी ले रहे भाग, विभिन्न खेलों में दिखाएंगे दमखम

# 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा का रंगारंग आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खेल भावना, अनुशासन और एकता के संदेश के साथ आज जिला मुख्यालय रायगढ़ में 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का रंगारंग शुभारंभ हुआ। बोईरदादर रोड स्थित रायगढ़ स्टेडियम में आयोजित इस राज्य स्तरीय खेल का विधिवत शुभारंभ राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की आराधना के साथ किया। इस दौरान सांसद श्री सिंह ने रायगढ़ जिले के उन खिलाड़ियों को स्मरण किया, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश व प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य का खेल ध्वज फहराकर प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन किया। इस अवसर पर सभी पांचों संभागों के खेल ध्वजों का भी आरोहण किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम महापौर जीवर्धन चौहान सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी धनराज मरकाम, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. केवी राव सहित संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारीगण और बड़ी संख्या में खेलप्रेमी मौजूद रहे।

इस राज्य स्तरीय आयोजन का संचालन जिला प्रशासन रायगढ़ एवं स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। समारोह के दौरान खिलाड़ियों द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत किया गया, जिसकी अगुवानी मेजबान बिलासपुर संभाग की टीम ने की। प्रदेश के पाँचों संभाग रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर और सरगुजा से चयनित 632 खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिताओं में 14 वर्षीय बालक व बालिका वर्ग में वॉलीबॉल, 14 से 19 वर्षीय बालक व बालिका वर्ग में सॉफ्टबॉल, 17 वर्षीय बालक व बालिका वर्ग में खो खो और अंडर 19 बालिका वर्ग में क्रिकेट खेल शामिल है। यह आयोजन 8 अक्टूबर तक चलेगा। खिलाड़ियों के लिए आवास, भोजन और परिवहन की समुचित व्यवस्था की गई है। स्टेडियम और खेल मैदानों में सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं।





### लोकनृत्य की हुई मनमोहक प्रस्तुति

25 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर बाल मंदिर स्कूल एवं कार्मेल कॉन्वेंट हिंदी मीडियम स्कूल की छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी और गुजराती लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेल का प्रदर्शन हेतु शपथ दिलाई गई। स्टेडियम भारत माता की जय वंदे मातरम और खिलाड़ी जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा।

### राज्यसभा सांसद ने राजा चक्रधर सिंह का किया स्मरण

25 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि रायगढ़ की यह भूमि सदैव संगीत, साहित्य और खेल की प्रतिभाओं से समृद्ध रही है। यहां की मिट्टी ने ऐसे अनेक खिलाड़ियों को जन्म दिया जिन्होंने प्रदेश और देश का नाम रोशन किया। उन्होंने राजा चक्रधर सिंह का स्मरण करते हुए कहा कि वे न केवल एक कुशल शासक थे, बल्कि एक अच्छे खिलाड़ी भी थे, जिन्होंने कुश्ती और कबड्डी जैसे पारंपरिक खेलों को बढ़ावा दिया। अपने विद्यार्थी जीवन को याद करते हुए सांसद श्री सिंह ने कहा कि वे स्वयं एक बास्केटबॉल खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से आग्रह किया कि वे अपने पसंदीदा खिलाड़ी को आदर्श मानें और उनके जीवन से प्रेरणा लें।

### स्वस्थ युवा से ही सशक्त भारत का होता है निर्माण

राज्यसभा सांसद श्री सिंह ने कहा कि यह सपना तभी साकार होगा जब हमारी युवा पीढ़ी स्वस्थ और सक्रिय होगी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ युवा ही सशक्त भारत का निर्माण करते हैं, इसलिए खेलों को जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि सांसद खेल महोत्सव के तहत प्रदेश के प्रत्येक जिले में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिससे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का अवसर मिलेगा।

### पहले दिन हुए खेल प्रतियोगिता का परिणाम

25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन रायगढ़ स्टेडियम में 5 से 8 अक्टूबर तक किया जा रहा है। जिसमें रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर एवं सरगुजा संभाग के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता में वालीबॉल, सॉफ्ट बॉल, खो खो एवं क्रिकेट के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। जिसमें पहले दिन सॉफ्ट बॉल बालक 19 वर्ष के लिग मैच अंतर्गत बस्तर बनाम रायपुर में रायपुर विजेता रहा। वहीं दुर्ग बनाम सरगुजा में दुर्ग विजेता रहा। बिलासपुर बनाम बस्तर में मैच ड्रा रायपुर विरूद्ध सरगुजा में रायपुर, दुर्ग बनाम बस्तर में दुर्ग विजेता रहा। बिलासपुर बनाम सरगुजा में बिलासपुर विजेता रहा। सरगुजा बनाम बस्तर में बस्तर विजेता रहा। बिलासपुर बनाम रायपुर में रायपुर की टीम विजेता रही। सॉफ्ट बॉल बालिका 14 वर्ष के लिग मैच अंतर्गत बिलासपुर बनाम सरगुजा में बिलासपुर की टीम विजेता रही। क्रिकेट बालिका 19 वर्ष के लिग मैच अंतर्गत रायपुर बनाम दुर्ग में रायपुर 117 रन से विजेता रही। वहीं सरगुजा बनाम बस्तर में सरगुजा संभाग 82 रन से विजेता रही और रायपुर बनाम बिलासपुर में रायपुर 29 रन से जीत दर्ज कर नाम किया।



## कलेक्टर ने ली विभागों की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्टरेट सभाकक्ष में जनपद पंचायत, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, समाज कल्याण और मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने सभी विकास कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीइओ अभिषेक कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कलेक्टर व्यास ने स्वच्छता अभियान से संबंधित सभी गतिविधियों को समय पर और प्रभावी ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से व्यक्तिगत और सामुदायिक शौचालयों के निर्माण, सेग्रीगेशन शेड की प्रगति, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट, तरल अपशिष्ट प्रबंधन, फीकल स्लज मैनेजमेंट की स्थिति की विस्तार से जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने ओडीएफ प्लस मॉडल गांवों की प्रगति की समीक्षा की और इसके सफल क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया। कलेक्टर व्यास ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वीकृत आंगनबाड़ी भवनों, सखी वन स्टॉप भवनों, प्रधानमंत्री आवास योजना और पीएम जनमन योजना के तहत स्वीकृत निर्माण कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही समस्त आवासों को जियो टैगिंग करने को कहा। उन्होंने महतारी वंदन योजना के अंतर्गत जिन पात्र हितग्राहियों का आधार लिंक नहीं हो पाया है, उनके प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा में कलेक्टर ने अधिकारियों को अधिक से अधिक महिलाओं को बिहान योजना से होने वाले लाभों के प्रति जागरूक कर इससे जोड़ने को कहा। इसके अलावा उन्होंने स्व-सहायता समूहों के बैंक लिंकेज बढ़ाने को कहा, ताकि महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होकर आत्मनिर्भर बन सके। कलेक्टर ने एफपीओ से जुड़ी महिला किसानों को सशक्त बनाकर उनकी उत्पादकता और आमदनी में वृद्धि लाने के लिए ठोस पहल करने के निर्देश दिए। मत्स्य विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने शासकीय तालाबों के पट्टा आबंटन की स्थिति की जानकारी ली तथा शेष तालाबों में मत्स्य पालन गतिविधि प्रारंभ करने के निर्देश दिए, ताकि ग्रामीणों को स्थानीय रोजगार के अवसर मिल सकें।

■ विकासकार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने को कहा

## आरजीएच में किशोरी की संदिग्ध मौत के रहस्य से उठा पर्दा

**राउरकेला।** शहर में तीन अक्टूबर को हुई एक नाबालिग लड़की किशोरी की संदिग्ध मौत पर पड़े रहस्य का पर्दा उठाते हुए पुलिस ने मामले का खुलासा कर लिया है। प्रारंभिक जांच व पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह स्पष्ट हुआ है कि किशोरी की मौत बीमारी से नहीं, बल्कि जहर पीकर आत्महत्या करने से हुई थी।

इस मामले में पुलिस ने एक दंपति को गिरफ्तार कर उन्हें सुंदरगढ़ पॉक्सो कोर्ट में पेश किया है। जांच में सामने आया है कि मृतका एक निर्माण स्थल पर काम करती थी, जहां घटना घटी। बताया गया कि नाबालिग का डाक्टर मुंडा नामक एक विवाहित व्यक्ति से कथित संबंध था। इसी बात से नाराज होकर उस व्यक्ति की पत्नी ने सबके सामने लड़की को थप्पड़ मार दिया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अपमान और मानसिक आघात के चलते लड़की ने जहर पीकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतका के परिवारजन ने 4 अक्टूबर को रघुनाथपाली थाना के समक्ष न्याय की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने बताया कि मामले की गहन जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बता दें की घटना के दिन किशोरी को गंभीर हालात में आरजीएच में भर्ती कराने के बाद आरोपी फरार हो गया था और जब किशोरी की मौत हुई तब हंगामा मचा। पुलिस मामले में सक्रियता दिखाते हुए आरोपियों के गिरेबान तक पहुंच गई है।



## घरघोड़ा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन

**घरघोड़ा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को घरघोड़ा नगर में ऐतिहासिक और भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। यह संचलन हाई स्कूल मैदान से प्रारंभ होकर जय स्तंभ चौक तक निकाला गया।

सैकड़ों स्वयंसेवक पारंपरिक गणवेश सफेद शर्ट, खाकी पैंट और काली टोपी में अनुशासित पंक्ति में कदमताल करते हुए आगे बढ़े। भारत माता की जय, वंदे मातरम और य श्रीराम के नारों से पूरा नगर गूंज उठा। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया, जिससे वातावरण में अद्भुत ऊर्जा और राष्ट्रभक्ति की भावना भर गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीपी नायक उपस्थित रहे, जबकि विभाग कार्यवाहक एवं मुख्य वक्ता भाई बंजन बेहरा ने संघ की स्थापना से लेकर आज तक की यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना डॉ. हेडगेवार के उस विचार से हुई थी जिसमें उन्होंने बिखरे हुए हिंदू समाज को एकजुट करने का संकल्प लिया था। विजयादशमी के दिन स्थापित संघ का उद्देश्य समाज में अनुशासन सेवा और संगठन की भावना जागृत करना रहा है।
बंजन बेहरा ने कहा कि शताब्दी वर्ष का यह अवसर प्रत्येक स्वयंसेवक के लिए गौरव और आत्मचिंतन का क्षण है। संघ परिवार को सशक्त बनाना, अपने सगे संबंधियों मित्रों और समाज के हर वर्ग को जोड़ना हमारा दायित्व है। घरघोड़ा और आसपास के ग्रामों से आए स्वयंसेवकों की अनुशासित पंक्तियों ने नगरवासियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का समापन जय स्तंभ चौक में संघ गीत, प्रार्थना और राष्ट्रगीत के साथ हुआ। वक्ताओं ने इस अवसर पर एक संगठित, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लिया। पथ संचलन ने नगर में नई ऊर्जा, एकता और राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार किया। इस अवसर पर भूपेश वैष्णव, रामफल राठिया खंड कार्यवाहक, जगमोहन केशरी, मनबोध पटेल सहित अनेक गणमान्य नागरिक, संघ पदाधिकारी एवं सैकड़ों स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



## पानपोष अस्पताल को नया स्वरूप देने वीवीएम की अपील

**राउरकेला।** वेदव्यास विकास मंच की ओर से पानपोष अस्पताल के आधुनिकीकरण तथा उसके पीछे लगभग 27 एकड़ सरकारी भूमि पर औषधीय पौधों से सुसज्जित एक बॉटनिकल गार्डन, आयुर्वेद चिकित्सा केंद्र और योग शिक्षा केंद्र स्थापित कर उसे भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर समर्पित करने की मांग की गई है।

मंच के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव व सचिव ने इस संबंध में केंद्रीय मंत्री और सुंदरगढ़ सांसद जुएल ओराम को लगभग 150 नागरिकों के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने आग्रह किया कि इस प्रस्ताव को अटल स्वास्थ्य मिशन के तहत शीघ्र स्वीकृति दी जाए। मंच का कहना है कि एक सदी पुराने पानपोष अस्पताल की उपेक्षा के कारण क्षेत्र के हजारों मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। आरजीएच की मौजूदगी के बावजूद दयानंद नगर, बेदव्यास, कुआरमुंडा, पुराना चेंड व कलींगा विहार जैसे क्षेत्रों के लोग अब भी इसी अस्पताल पर निर्भर हैं। भविष्य में शव विच्छेदन कक्ष के स्थानांतरण के बाद यहां आयुर्वेद केंद्र, बॉटनिकल गार्डन और योग संस्थान की स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा। मंच ने जिला प्रशासन और नगर निगम अधिकारियों से भी शीघ्र बैठक कर इस प्रस्ताव पर कार्यवाही की रूपरेखा तैयार करने की बात कही है। वेदव्यास विकास मंच ने राउरकेलावासियों से इस जनहितकारी पहल में सहयोग और समर्थन की अपील की है ताकि पानपोष और पुराना चेंड क्षेत्र का विकास भी स्मार्ट सिटी राउरकेला के अनुरूप हो सके।

## विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा महिलाओं को मिल रहा पीएम जनमन योजना का लाभ





**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्व सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के निर्देश दिए हैं।

इसी कड़ी में जशपुर वनमण्डल के परिक्षेत्र बगीचा अंतर्गत ग्राम कुटमा, में पीएम जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी पहाड़ी कोरवा जनजाति की महिलाएं स्व सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही है। महिलाओं के लिए दोना-पत्तल निर्माण केन्द्र की स्थापना की गइ है। इस केन्द्र का संचालन मीनू लक्ष्मी स्व-सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है, जिसकी अध्यक्षता फूलों बाइ कर रही हैं। इस केन्द्र में समूह की महिलाएं माहुल पत्तों से मशीनों की सहायता से पर्यावरण अनुकूल दोना-पत्तल का निर्माण कर रही हैं। यह पहल न केवल उनके लिए सतत आजीविका का साधन बनेगी, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। वन विभाग द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा महिलाओं रोजगार की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस योजना से महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हो रहा है।

## जनसुनवाई में 36 शिकायतों का निपटारा

**राउरकेला।** राउरकेला नगर निगम आरएमसी सभागार में नागरिकों की विभिन्न शिकायतों और आपत्तियों के समाधान के लिए संयुक्त जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त जिलाधिकारी एवं नगर निगम आयुक्त सुश्री दीना दस्तगीर ने की। उन्होंने नागरिकों द्वारा प्रस्तुत कुल 36 मामलों की सुनवाई की, जिनमें 27 व्यक्तिगत और 9 सामूहिक शिकायतें शामिल थीं। जनसुनवाई में सड़क निर्माण व मरम्मत, भत्ता वितरण, स्ट्रीट लाइट की खराबी, नालियों की सफाई, भूमि विवाद, अतिक्रमण जैसी शिकायतें प्रमुख रहीं। इसके अलावा गंभीर बीमारियों के उपचार हेतु मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता के लिए 7 आवेदन भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में सुंदरगढ़ के अतिरिक्त जिलाधिकारी सुरज कुमार पटनायक, मुख्य विकास अधिकारी एवं कार्यकारी अधिकारी सुरंजन साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजकिशोर मिश्रा, आरएमसी संयुक्त आयुक्त श्रीमती पल्लवी नायक, उप आयुक्त तरुण कांत समेत विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411

## गांजा के अवैध कारोबार में लिप्त तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चक्रधरनगर पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई में तीन गांजा तस्करों को वैगनआर कार सहित गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से नकदी रकम दो हजार रुपए व 1.152 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है, जिसकी कीमत लगभग 5,500 रुपए बताई जा रही है।

तीनों आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। दरअसल चक्रधरनगर पुलिस द्वारा इंदिरा विहार रोड स्थित विजयपुर तालाब के पास वाहनों की जांच की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद रंग की वैगनआर कार में दो व्यक्ति गांजा लेकर घरघोड़ा की ओर से रायगढ़ आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल नाकेबंदी कर वाहनों की सघन जांच शुरू की। कुछ ही देर में संदिग्ध वाहन को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें परचून के सामान, बिस्कुट, चॉकलेट आदि के बीच छिपाकर एक कार्टून में खाकी रंग के पैकेट में गांजा रखा गया था। वाहन में सवार आशीष राठौर 37 वर्ष निवासी विनोबानगर व लतीफ खान 42 वर्ष निवासी षड़ंगी कॉलोनी सर्किट हाउस से पूछताछ में उन्होंने ग्राम औराईमुड़ा घरघोड़ा के कमल बेहरा 49 वर्ष से गांजा खरीदकर बिक्री के लिए लाने की बात कबूल की।

पुलिस ने गवाहों की मौजूदगी में गांजा का वजन कराया जो 1.152 किलोग्राम पाया गया।



डायबिटीज
के मरीजों के घावों की प्लास्टिक सर्जरी (स्कीन ग्राफ्टिंग) की विशेष सुविधा.



कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
Mobile 9827143060
Ajay Advt.